# जनपद शामली पुलिस

**--मीडिया / सोशल मीडिया सेल शामली--**

प्रेसविज्ञप्ति दिनांक 01.07.2021

**थाना कोतवाली शामली**

**सोशल मीडिया पर शादी समाहरोह में अवैध हथियार से हर्ष फायरिंग किये जाने की वायरल वीडियों में 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से हर्ष फायरिंग में उपयुक्त अवैध हथियार बरामदः-**

दिनांक 29-06-2021 को सोशल मीडिया पर शादी समाहरोह में हर्ष फायरिंग का वीडियों वायरल हुआ था। वायरल वीडियों का संज्ञान लेकर पुलिस अधीक्षक शामली श्री सुकीर्ति माधव द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को वीड़ियो की पहचान कर सम्बन्धित के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। वायरल वीडियो कोतवाली क्षेत्र के आजद चौक का होने की जानकारी हुई, जिसके क्रम में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा हर्ष फायरिंग करते लोगों की पहचान कराकर चिंहित किया गया। हर्ष फायरिंग के अभियुक्तों पर कार्यवाही करते हुए दिनांक 30.06.2021 को थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त महफूज उर्फ फूजा को वीड़ियों में दिख रहे अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। साथ ही वीड़ियों में दिख रहे अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्तार एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1- महफूज उर्फ फूजा कुरैशी पुत्र कय्यूम कुरैशी निवासी मोहल्ला आजाद चौक थाना कोतवाली जनपद शामली।

**बरामदगी का विवरणः-**

1- अवैध तमंचा 315 बोर मय 02 जिन्दा कारतूस।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1- उ0नि0 श्री खुर्शीद अली थाना कोतवाली जनपद शामली।

2- का0 मोहित थाना कोतवाली जनपद शामली।



## थानाभवन

**थानाभवन पुलिस द्वारा पुलिस अभिरक्षा में आये "बैट्री बैंक चोर गिरोह के 03 सदस्य" की निशादेही पर मोबाइल टावर से चोरी की 29 बैट्री बरामदः-**

दिनांक 19.03.2021 को श्री रामलाल वर्मा उपमण्डल अभियन्ता भारत दूरसंचार निगम लिमिटेड ग्राम महमूदपुर लखनपुर, सुल्तानपुर, उत्तर प्रदेश द्वारा टेलीफोन एक्सचेन्ज थानाभवन से अज्ञात चोरो द्वारा एच0बी0एल0 कम्पनी की बैट्री बैंक चोरी कर लिये जाने एवं दिनांक 25.03.2021 को श्री नरेश कुमार टैक्निशियन पुत्र श्री रामसिंह निवासी शामली शामला थाना झिंझाना जनपद शामली द्वारा गांव मंटी हसनपुर में इंडस कम्पनी के मोबाइल टावर की अज्ञात चोर द्वारा बैट्री बैंक चोरी कर लिये जाने के सम्बन्ध में थानाभवन पर तहरीर दाखिल की गयी। दाखिला तहरीर के आधार पर थानाभवन पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। घटनाओं के अनावरण हेतु पुलिस अधीक्षक शामली श्री सुकीर्ति माधव द्वारा थानाभवन पुलिस को निर्देश दिये गये। इस कार्य हेतु सर्विलांस एवं एसओजी को भी लगाया गया। टीमों द्वारा गिरोह को ट्रेस करने के दौरान थाना ननौता सहारनपुर पुलिस द्वारा दिनांक 05.06.2021 को मुठभेड़ में मोबाइल टावर की बैट्री चोरी करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। गिरफ्तार गैंग के सदस्यों द्वारा जनपद शामली में भी मोबाइल टावर की बैट्री चोरी करने की जानकारी दी गयी। थानाभवन पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तगण के वारण्ट बनवाकर बैट्री बैंक की बरामदगी हेतु माननीय न्यायालय से अभियुक्तगण को पुलिस अभिरक्षा में लेने के लिए प्रत्यावेदन किया गया, जिस पर सुनवाई करने के उपरान्त मा0 न्यायालय द्वारा थानाभवन पुलिस को तीनों अभियुक्तों का दिनांक 30.06.2021 को 24 घण्टे का पुलिस अभिरक्षा रिमाण्ड स्वीकृत किया गया। थानाभवन पुलिस द्वारा अभियुक्तों को जिला जेल सहारनपुर से पुलिस अभिरक्षा में लेकर थाना लाकर गहन पूछताछ कर अभियुक्तगण द्वारा टावर से बैट्री बैंक की चोरी की गयी 29 बैट्री बरामद कराई गयी हैं। बरामदगी के संबंध में अभियुक्त के विरूद्ध थानाभवन पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता अभियुक्तगण-**

1. राशिद अली पुत्र अलीशेर निवासी अकबरपुर सुन्हेटी थाना कैराना जनपद शामली।
2. अलीशान पुत्र उमरदीन निवासी ग्राम गोगवान थाना कैराना जनपद शामली।
3. जावेद उर्फ शादिक पुत्र अलमदीन निवासी ग्राम अकबरपुर सुन्हेटी थाना कैराना जनपद शामली।

**अपराधिक इतिहास अभियुक्त-**

1. मु0अ0सं0 82/21 धारा 380, 411 भादवि थानाभवन जनपद शामली।
2. मु0अ0सं0 97/21 धारा 380, 411 भादवि थानाभवन जनपद शामली।

**अभियुक्त की निशादेही पर बरामदगी का विवरणः-**

1. मोबाइल टावर से चोरी की गयी 29 बैट्री बैंक ।








## थाना कैराना

**गिरफ्तारी व अन्य कानूनी कार्यवाही के निरंतर दबाव में थाना कैराना पुलिस के समक्ष गैंगस्टर एक्ट में वांछित 03 गैंगस्टर ने किया आत्मसमर्पणः-**

आज दिनांक 01.07.2021 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री सुकीर्ति माधव के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित/वारंटी/गैंगस्टर अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना कैराना क्षेत्रा के तीन गैंगस्टर द्वारा गिरफ्तारी के बढ़ते दबाव के चलते थाना कैराना पर आत्मसमर्पण किया गया है, जिसके सम्बन्ध में थाना कैराना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्तगण के विरूद्ध थाना कैराना पर बलवा, हत्या का प्रयास एवं चोरी आदि के पूर्व में अभियोग पंजीकृत है, जिन पर अंकुश लगाने हेतु अभियुक्तगण के विरूद्ध गैंगस्टर की कार्यवाही की गयी।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तगणः-**

1- अरशद पुत्र महमूद निवासी ग्राम रामड़ा थाना कैराना जनपद शामली।

2- परवेज पुत्र गय्यूर निवासी ग्राम रामड़ा थाना कैराना जनपद शामली।

3- दानिश उर्फ काला पुत्र इरफान निवासी ग्राम रामड़ा थाना कैराना जनपद शामली।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त अरशदः-**

1.मु0अ0सं0 35/18धारा 420,379,427,504,506,406,4527,380,352,323,120बी भादवि थाना कैराना जनपद शामली।

2. मु0अ0स0 606/17 धारा 147,148,149,307,336,353 भादवि व 7 सीएलए एक्ट थाना कैराना जनपद शामली।

3. मु0अ0स0 661/19 धारा 147,452,504,506 भादवि थाना कैराना जनपद शामली।

4. मु0अ0स0 66/21 धारा 2/3 गैगस्टर एक्ट थाना कैराना जनपद शामली।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त परवेजः-**

1. मु0अ0स0 606/17 धारा 147,148,149,307,336,353 भादवि व 7 सीएलए एक्ट थाना कैराना जनपद शामली।

2. मु0अ0स0 66/21 धारा 2/3 गैगस्टर एक्ट थाना कैराना जनपद शामली।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त दानिश उर्फ कालाः-**

1. मु0अ0स0 607/17 धारा 147,148,149,307,336,353 भादवि व 7 सीएलए एक्ट थाना कैराना जनपद शामली।

2. मु0असं0 173/21 धारा 147,148,323,427,452,504,506 भादवि थाना कैराना जनपद शामली।

3. मु0अ0स0 66/21 धारा 2/3 गैगस्टर एक्ट थाना कैराना जनपद शामली।



**थाना कैराना पुलिस द्वारा जुआ खेलते 02 अभियुक्त गिरफ्तार कब्जे से 2330/- रुपये नकद व 52 ताश के पत्ते बरामदः-**

थाना कैराना पुलिस द्वारा दिनांक 30.06.2021 को सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते अभियुक्त हारूण पुत्र महबूब निवासी मोहल्ला खैलकलां थाना कैराना जनपद शामली व इश्तकार पुत्र जमील निवासी मोहल्ला खैलकलां थाना कैराना जनपद शामली को गिरफ्तार किया है । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कैराना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।

## थाना झिंझाना

**थाना झिंझाना पुलिस द्वारा मादर्क पदार्थ सहित अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से प्रतिबन्धित 200 नशीली गोलिया बरामदः-**

थाना झिंझाना पुलिस द्वारा आज दिनांक 01.07.2021 को अभियुक्त रवि पुत्र स्व0 सोमपाल निवासी खेड़की ग्राम चौसाना थाना झिंझाना जनपद शामली को प्रतिबन्धित 200 नशीली गोलियों के साथ गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना झिंझाना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## थाना कोतवाली शामली

**थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा युवती को बहला-फुसला कर ले जाने में वांछित अभियुक्त गिरफ्तारः-**

थाना कोवातली शामली पुलिस द्वारा आज दिनांक 01.07.2021 को अभियुक्त मोहित पुत्र ईश्वर निवासी सिंभालका थाना कोतवाली शामली जनपद शामली को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है, गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना कोतवाली पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।